कार्यालय-जनपद न्यायाधीश, कुशीनगर स्थान पडरौना।

प्रशासनिक आदेश संख्या 116 /2024

जनपद सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन कुशीनगर स्थान पडरौना द्वारा प्रेषित प्रस्ताव दिनांकित 13.09.2024 के माध्यम से यह अवगत कराया गया है कि दिनांक 16.09.2024 दिन सोमवार को वारावफात (ईद मिलानुदवी) है, उक्त अवसर पर स्थानीय अवकाश होता रहा है। माननीय उच्च न्यायालय में भी दिनांक 16.09.2024 को अवकाश घोषित है एवं जिलाधिकारी के कार्यालय में भी दिनांक 16.09.2024 को अवकाश घोषित है। तदनुसार दिनांक 16.09.2024 को स्थानीय अवकाश घोषित करने संबंधी आवश्यक कार्यवाही करने का अनुरोध किया गया है।

जनपद सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन कुशीनगर स्थान पडरौना के उपरोक्त प्रस्ताव दिनांकित 13.09.2024 को दृष्टिगत रखते हुए **जनपद दीवानी न्यायालय कुशीनगर स्थान पडरौना एवं बाह्य दीवानी न्यायालय, कसया, कुशीनगर में दिनांक 16.09.2024 दिन सोमवार को वारावफात (ईद मिलानुदवी) के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है तथा इसके स्थान पर दिनांक 28.09.2024 चतुर्थ शनिवार को न्यायिक कार्य हेतु न्यायालय खुला रहेगा।**

सभी संबंधित सूचित हों।

Sd/- 13.9.2024

दिनांक/कुशीनगर।
सितम्बर 13, 2024

(सुशील कुमार शशि)
जनपद न्यायाधीश,
कुशीनगर स्थान पडरौना।
District Judge
Kushinagar at Padrauna (U.P.)

पत्रांक 645(i) to 645(XIII) /पन्द्रह/जजशिप कुशीनगर/दिनांक/सितम्बर 13, 2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1- महानिबन्धक, माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।
2- प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, कुशीनगर स्थान पडरौना।
3- पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कुशीनगर।
4- जिलाधिकारी, कुशीनगर।
5- पुलिस अधीक्षक, कुशीनगर।
6- कारागार अधीक्षक, जिला कारागार, देवरिया।
7- मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कुशीनगर।
8- मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, संयुक्त जिला चिकित्सालय, कुशीनगर।
9- अध्यक्ष/मंत्री, जनपद सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, कुशीनगर स्थान पडरौना।
10- अध्यक्ष/मंत्री, कुशीनगर सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन, कसया-कुशीनगर।
11- जिला सूचना अधिकारी, कुशीनगर को जनहित में स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
12- सिस्टम आफिसर (कम्प्यूटर) को जनपद न्यायालय कुशीनगर की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
13- केन्द्रीय नाजिर/उपनाजिर को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

Sd/- 13.9.2024

(सुशील कुमार शशि)
जनपद न्यायाधीश,
कुशीनगर स्थान पडरौना।
District Judge
Kushinagar at Padrauna (U.P.)